हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार, 1 मार्च 2025

11 मुस्कान कुमारी शॉटपुट में प्रथम लड़कों की...



13 राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर महान वैज्ञानिक...



## खबर संक्षेप

### अदालत के आदेश पर केस दर्ज

**कनीना।** आठवीं कक्षा के फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर फौज में भर्ती हुए बवानिया गांव के व्यक्ति के खिलाफ आदालत के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस बारे में ईश्वर सिंह ने पुलिस अधिकारियों को दी शिकायत में बताया कि उसने 1984 में 10वीं कक्षा उत्तीर्ण की थी। इससे पूर्व 1982 में आठवीं कक्षा पास की थी। आठवीं कक्षा का प्रमाण पत्र लालचंद चोरी कर ले गया और फौज में भर्ती हो गया। फौज के रिकॉर्ड में उसका नाम शैक्षणिक प्रमाण के मुताबिक ईश्वर सिंह दर्ज है, जबकि उसका असल नाम लालचंद है।

### नांगल सिरोही में रक्तदान शिविर कल

**नारनौल।** हरियाणा रोडवेज संगठन सचिव विरेंद्र सिंह की बेटी स्व. वान्या यादव की याद में दो मार्च को गांव नांगल सिरोही की मेन बस स्टैंड धर्मशाला में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। इस कैंप में प्रत्येक रक्तदाताओं को एक हेलमेट भी सम्मान स्वरूप दिया जाएगा। इस संबंध में विरेंद्र सिंह ने बताया कि कैंप में हरियाणा रोडवेज महाप्रबंधक अनित यादव मुख्य अतिथि होंगे।

### बिजली के निजीकरण पर रोक लगाने की मांग

**नारनौल।** बिजली उपभोक्ता मंच हरियाणा सम्बंधित ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी कंज्यूमर एसोसिएशन के आह्वान पर बिजली के निजीकरण पर रोक लगाने, जबरन स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगाने, बिजली संशोधन विधेयक 2022 को रद्द करने व 47 पैसे प्रति यूनिट फ्युल सरचार्ज की वसूली पर रोक लगाने आदि मांगों को लेकर चार मार्च को जंतर मंतर नई दिल्ली संसद मार्च अखिल भारतीय विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। ज्यादा से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं को विरोध प्रदर्शन में भाग लेने की अपील की।

### मानसिक रूप से परेशान युवक ने लगाया फंदा

**नारनौल।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में बीती देर शाम को करीब 39 वर्षीय युवक ने अपने ही चौबारे में फांसी का फंदा लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतक का पैतृक गांव नांगल दर्गू है तथा वह मानसिक रूप से परेशान बताया गया है। जानकारी के अनुसार करीब 39 वर्षीय विजय कुमार जायलवाल अपने परिवार समेत हाउसिंग बोर्ड में रहता था और स्वैगी कंपनी के खाद्य पदार्थ बेचता था। पिछले कुछ समय से उसका काम-धंधा मंदा चल रहा था, जिससे वह परेशान था।

### बाइक चालक युवक की नहर में गिरने से मौत

**मंडी अटेली।** कांटी से राजपुरा को जाने वाले मार्ग पर बाइक चालक की राजपुरा माइनर में गिरने से दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान राजस्थान के बानसूर क्षेत्र के गांव कोटिया निवासी लेखराज के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार उक्त मार्ग पर बृहस्पतिवार देर रात्रि को 26 वर्षीय बाइक से आ रहा था। राजपुरा के पास उसकी बाइक नहर में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। अटेली पुलिस के मौके पर पहुंच कर जांच अधिकारी सुनील कुमार ने नागरिक अस्पताल से शव का पोस्टमार्टम करवा कर मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सड़क बीच ट्रक खड़ा करने पर मामला दर्ज

**मंडी अटेली।** नारनौल रेवाड़ी सड़क मार्ग पर बीचों बीच ट्रक खड़ा करके बांधा पहुंचाने वाले चालक के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार नारनौल से रेवाड़ी रोड के ऊपर सरेआम लावारिस हालात में खड़ा था जिसके अन्दर कोई भी चालक नहीं बैठा हुआ था।

# नारनौल में संतोख सिंह यादव तो कनीना से मंजीत बने प्रधान

- मुख्य जिला बार एसोसिएशन नारनौल चुनाव : प्रधान, सचिव व उपप्रधान पद को लेकर थे चुनाव
- शाम चार बजे मतदान प्रक्रिया खत्म होने के बाद की गई मतगणना, घोषित किया परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला में शुक्रवार दो जगह अलग अलग बार एसोसिएशन चुनाव हुए। नारनौल में जहां मुख्य जिला बार एसोसिएशन के मतदाताओं ने प्रधान का ताज संतोख सिंह यादव के ऊपर रखा। वहीं कनीना बार एसोसिएशन के प्रधान पद के लिए मंजीत कुमार को अधिवक्ताओं ने वोट देकर चुना है। दोनों जगह परिणाम घोषित होने के बाद एक दूसरे को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया।



नारनौल। प्रधान चुने जाने पर संतोख सिंह यादव को बधाई देते अधिवक्ता।

**कनीना : प्रधान पद के लिए चार, कोषाध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार थे मैदान में:** कनीना बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए मैंदान में डटे चार उम्मीदवारों में से मंजीत कुमार ने अपने प्रतिद्वंदी अखिल कुमार को 104 मतों की शिकस्त देकर विजय प्राप्त की है। चुनाव अधिकारी एडवोकेट दिनेश कुमार यादव व सह चुनाव अधिकारी नवीन कौशिक ने बताया कि कुल 156 मतों में 153 मत पोल हुए, जिनमें से अधिवक्ता मंजीत सिंह को 119 मत, अखिल कुमार को 15, वेदप्रकाश को 14 व सतीश कुमार को पांच मत मिले। इसी प्रकार कोषाध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट कुणाल व शशी कुमार चुनाव मैदान में थे। जिनके लिए 153 मत डाले गए। अधिवक्ता शशि को 82 मत मिले जबकि कुणाल को 68 मतों पर संतोष करना पड़ा। तीन मत रद्द मिले। शशि कुमार ने अपने प्रतिद्वंदी कुणाल को 14 मतों से पराजित कर दिया। बार एसोसिएशन के निर्वतमान प्रधान सुनील यादव ने बताया कि एडवोकेट संदीप कुमार उप प्रधान पद के लिए, एडवोकेट सोमबीर सिंह सचिव पद के लिए तथा एडवोकेट जितेंद्र सिंह सिह सचिव पद के लिए निर्विरोध चुने जा चुके हैं। प्रधान व कोषाध्यक्ष पद के लिए शुक्रवार को सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक मतदान की प्रक्रिया चली। मतदान के बाद मतणना कर परिणाम जारी किए गए। इस मौके पर एडवोकेट संदीप यादव, सुभाष शर्मा, सतीश भाटोटिया, ओपी यादव, विक्रम सिंह, पवन कुमार, शिवचरण शर्मा, रामनिवास शर्मा, हरीश यादव उपस्थित थे।

### प्रधान 104, उपप्रधान 322 व सचिव पद पर 109 वोट के अंतर से जीत

**नारनौल।** मुख्य जिला बार एसोसिएशन का चुनाव शुक्रवार को हुआ। इस चुनाव में चार प्रधान अनिल कुमार, लक्ष्मीनारायण, संतोख सिंह यादव व यशवंत सिंह मैदान में थे। सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक हुए इस मतदान के तुरंत बाद परिणाम घोषित कर दिया गया। इस संबंध में मुख्य चुनाव अधिकारी करण सिंह एडेवोकेट ने बताया कि प्रधान पद के लिए 715 वोट डाले गए। इनमें अनिल कुमार को 108, लक्ष्मीनारायण को 177, संतोख सिंह यादव को 281 व यशवंत सिंह के पक्ष में 145 वोट डाले गए। चार वोट कैंसिल किए गए है। इस तरह 104 वोट के अंतर से संतोख सिंह यादव प्रधान पद के लिए चुने गए है। इसी तरह उपप्रधान पद के लिए 714 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। जिसमें से प्रज्ञा शर्मा को 193 और विकास सांगवान को 515 वोट मिले। छह वोट कैंसिल किए गए है। इस तरह 322 वोट के अंतर से महिला विकास सांगवान उपप्रधान बनी है। वहीं सचिव पद के लिए 715 वोट डाले गए। इनमें हरेंद्र लाम्बा को 100, अवदेश कुमार को 130, हेमंत कृष्ण भारद्वाज को 187 और प्रदीप यादव बेगपुर को 296 वोट मिले। दो वोट कैंसिल हुए है। इस तरह 109 वोट के अंतर से प्रदीप यादव बेगपुर सचिव चुने गए है। चुनाव अधिकारी ने बताया कि सफल चुनाव प्रक्रिया करवाने में सहायक के तौर पर रामजीलाल यादव, नरेश यादव, सुशील सहरावत, सुमित चौधरी, अशोक यादव व दीपक यादव मौजूद रहे



नारनौल। उपप्रधान विकास सांगवान।



नारनौल। सचिव प्रदीप।



कनीना। प्रधान मंजीत सिंह।



कनीना। कोषाध्यक्ष शशी कुमार।

## लाठी-डंडों से पीटे कर्मचारी, गुस्साए अफसरों ने घंटों तक किया हंगामा

# अतिक्रमण हटाने गई नगर परिषद टीम पर गणेश कॉलोनी में हमला

### नगर परिषद की टीम सुबह 10 बजे निकली थी अतिक्रमण हटाने, जेल के सामने किरण टैंट हाउस वालों ने लड़के बुलाकर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे सड़क के बीच डिवाइडरों में लगे बैनर, पोस्टर एवं होर्डिंग इत्यादि हटाने के सड़क पर उतरी टीम पर महेंद्रगढ़ रोड पर जेल के सामने राजकिरण टैंट हाउस संचालकों एवं बाइकों पर लाठी-डंडों से लैश होकर आए गांव के लड़कों ने हमला कर दिया। नगर परिषद के तीन कर्मचारी योगेश, सचिन, अनिल और एक टैंपो ड्राईवर रविंद्र था, जबकि हमलावर 10-12 थे। हमलावरों ने नप टीम के कर्मचारियों को थप्पड़, मुक्कों एवं लाठियों व डंडों से बुरी तरह से मारा, पीटा। कर्मचारी योगेश पर अनगिनत लाठी-डंडे चलाए हुए हैं, जिसके निशान उसके शरीर पर उभर आए। उसकी सोने की चेन व हनुमान जी लॉकेट भी तोड़ लिया। यह घटना होने पर नगर परिषद कर्मचारियों व अधिकारियों में रोष फैल गया तथा वह अपने-अपने सफाई के साधन लेकर महावीर चौकी हुडा सेक्टर एक पहुंच गए, जहां उन्होंने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करने एवं उन्हें कड़ा दंड देने की मांग की। उन्होंने वाहनों का चक्का जाम करते हुए यह भी चेतावनी दी कि भविष्य में जब भी उन्हें पुलिस सुरक्षा मुहैया करवाई जाएगी, तब ही वह अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाएंगे। उन्होंने मारपीट मामले की पुलिस को लिखित शिकायत भी दी, जिस पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। घायल योगेश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हुआ यूं कि नारनौल के एडीसी डा. आनंद कुमार शर्मा के पास नगर परिषद का बतौर डीएमसी भी चार्ज है। उनके नेतृत्व में ही पिछले एक महीने से शहर की मुख्य सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए अभियान चलाया हुआ है। नगर परिषद कर्मचारी रोजाना सुबह ड्यूटी पर आने के बाद शहर में निकल जाते हैं और रोजाना यही काम करते हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार सुबह नगर परिषद की टीम महेंद्रगढ़ रोड पर निकली थी, जिसे सड़क के बीच डिवाइडर में लगे बैनर, पोस्टर, होर्डिंग एवं पेंटिंग इत्यादि हटवाने के दिशा-निर्देश मिले हुए थे, जिसके नगर परिषद से एक टैंपो लेकर चार कर्मचारी, यानि एक ड्राइवर और तीन कर्मचारी महेंद्रगढ़ रोड पर निकले। जब वह नसीबपुर जेल को पार कर चुके थे, तब जेल कॉर्नर के सामने डिवाइडर में राजकिरण टैंट हाउस गणेश कॉलोनी नसीबपुर का लोहे से बना संकेतक बोर्ड लगा रखा था। उसी संकेतक बोर्ड को नप के कर्मचारी हटाने लगे, तभी सामने टैंट हाउस से दो युवक आए और कर्मचारियों को ऐसा करने से रोकने लगे। उस दौरान नगर परिषद का एक कर्मचारी सचिन अपने मोबाइल फोन में उनकी वीडियो बनाने लगा। वीडियो बनते देख उन युवकों ने फोन छीन लिया तथा गांव से अन्य लड़कों को बुला लिया। जो थोड़ी देर में ही चार-पांच बाइकों लाठियों एवं डंडों से लैश होकर आ गए तथा नगर परिषद कर्मचारियों पर टूट पड़े। हमलावरों ने कर्मचारी योगेश पर लाठी-डंडों की बरसात कर दी, जिससे वह वहं सड़क पर गिर गया और वह मारते रहे। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और कर्मचारियों में रोष फैल गया।



नारनौल। डिवाइडर बीच लगा वह संकेतक, जिसको लेकर झगड़े की शुरूआत हुई। फोटो : हरिभूमि

#### यह बोले चौकी इंचार्ज

महावीर चौकी के इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रवि ने बताया कि पीड़ति कर्मचारियों की ओर से लिखित शिकायत प्राप्त हुई है। एफआईआर दर्ज कर रहे हैं। जो भी आरोपित है, उसके खिलाफ कार्रवाई करेंगे।



नारनौल। पीड़ित कर्मचारी योगेश पीठ पर पड़े लाठी डंडों के निशान दिखाता हुआ।



महावीर चौकी पहुंचे नगर परिषद की कर्मचारी।



नारनौल। वह टैंपो, जिसको लेकर गए थे घटनास्थल पर।



नारनौल। नप कर्मचारियों से जानकारी जुटाते पुलिस चौकी पहुंचे ईओ दीपक गोयल।



नारनौल। महावीर चौकी के बाहर सफाई कर्मचारियों ने किए वाहनों के चक्के जाम। फोटो : हरिभूमि

#### कर्मचारियों में फैला रोष

आगे आने के बाद नप कर्मचारियों ने इसकी जानकारी अपने उच्चाधिकारियों को दी तथा सीधे महावीर पुलिस चौकी पहुंच गए। हमला होने की नप के अन्य कर्मचारियों की जानकारी मिली तो उनमें भी रोष फैल गया तथा वह अपने-अपने टैंपों, ट्रैक्टर-ट्राली, जेसीबी व लोडर आदि लेकर महावीर चौकी पहुंच गए और अपनी नाराजगी जाहिर की। बाद में नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी दीपक गोयल, अकाउंटेंट उमेश वर्मा, जेई विकास शर्मा समेत सैकड़ों कर्मचारी पहुंचे और महावीर चौकी के बार सड़क पर गाड़ियों का चक्का जाम कर दिया। जबकि घायल कर्मचारी योगेश को नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका एक्स रे वगैरा कराया और भर्ती करके उनका उपचार शुरू किया।

## संदीप के सिर पर सजा बार का ताज, 195 वोट से जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

बार एसोसिएशन के चुनाव शुक्रवार को शांतिपूर्वक संपन्न हुए। संदीप रिवासा ने एकतरफा मुकाबले में पांच बार प्रधान रह चुके बंसीलाल को 195 वोट से हराकर 47वें बार एसोसिएशन के प्रधान बनें हैं। वहीं सतीश कुमार 11 वोट से जीतकर उपप्रधान तथा शर्मिला देवी 36 वोट से जीतकर सचिव बनी। सुनील कुमार सहसचिव व प्रदीप कुमार कोषाध्यक्ष पहले ही निर्विरोध चुने जा चुके थे। बता दें कि 17 फरवरी से 18 फरवरी तक चली नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रधान पद के लिए संदीप रिवासा अशोक कुमार, बंशीलाल व रामअवतार सिंह खैरवाल, उपप्रधान के लिए सुबोध शर्मा, मनोज कुमार शर्मा व सतीश कुमार तथा सचिव के लिए राहुल कौशिक व शर्मिला देवी ने नामांकन किया है। प्रधान पद के लिए नामांकन सिंह खैरवाल ने बाद अपना नामांकन वापस ले लिया था। वहीं सहसचिव के लिए सुनील कुमार व कोषाध्यक्ष के लिए प्रदीप कुमार ने नामांकन किया था। दोनों पद एक-एक नामांकन होने के कारण उन्हें निर्विरोध चुन लिया गया हैं। 20 फरवरी को दिसंबर को नामांकन पत्रों की छंटनी की गई। वहीं 21 फरवरी को नामांकन वापसी के अंतिम दिन निर्धारित किया गया था।



महेंद्रगढ़। प्रधान संदीप रिवासा।



महेंद्रगढ़। उपप्रधान सतीश डागर।



महेंद्रगढ़। सचिव शर्मिला।

- संदीप रिवासा ने बार एसोसिएशन के पांच बार प्रधान रहे बंसीलाल को हराया

#### 195 वोट लेकर संदीप बने बार के प्रधान

प्रधान पद के लिए बंसीलाल व संदीप रिवासा मैदान में थे। 264 वोट में से चार वोट कैंसिल हुआ। संदीप रिवासा 195 वोट से जीतकर प्रधान बने। उनको 220 वोट प्राप्त हुए। वहीं बंसीलाल को 25 वोट मिले। उपप्रधान पद के लिए सतीश कुमार 11 वोट चुनाव से जीता। उनको 116 वोट मिले। जबकि सुबोध शर्मा को 105 तथा मनोज कुमार शर्मा को 27 वोट मिले। वहीं शर्मिला देवी 36 वोट से चुनाव जीतकर सचिव बने। उनको 142 वोट प्राप्त हुए तथा राहुल कौशिक को 107 वोट प्राप्त हुए।



महेंद्रगढ़। टैगोर स्कूल के विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### टैगोर स्कूल के विद्यार्थियों ने हकेंवि में लहराया परचम

**महेंद्रगढ़।** टैगोर स्कूल के विद्यार्थियों ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित नेशनल साइंस-डे पर क्विज में भाग लेकर अपने सभी प्रतिद्वंदी को मात देकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में महेंद्रगढ के सभी स्कूलों ने भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता पहले स्क्रीनिंग टेस्ट आयोजित किया गया था, जिसमें टैगोर स्कूल के मानविक और प्रवेश ने सभी प्रश्न के उत्तर देकर पहला स्थान प्राप्त किया। पीजीटी हेड निशांत शर्मा ने बताया कि टैगोर स्कूल में हम विद्यार्थियों को समय-समय पर इस तरह की प्रतियोगिता आयोजित करवाकर विद्यार्थियों को तैयार करते हैं। विद्यालय सीईओ डॉ. निशा यादव ने बताया कि अगर मन में दृढ़, इच्छा, संकल्प व लग्न की भावना हो तो कोई भी छात्र या छात्रा अपने लक्ष्य को हासिल कर सकता है। चेयरमैन डॉ. बीएल यादव ने चयनित छात्रों को बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना। उन्होंने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थी शानदार प्रदर्शन करके हर प्रतियोगी परीक्षा में नए-नए कीर्तिमान स्थापित करते आ रहे हैं।



नारनौल। अवैध पत्थर ढोते पकड़ा गया डंपर। फोटो : हरिभूमि

### राजस्थान से अवैध पत्थर ला रहा डंपर पकड़ा, 4.40 लाख का लगाया जुर्माना

**नारनौल।** जिला प्रशासन की ओर से खनिज की रक्षा के लिए गठित संयुक्त टीम ने वीरवार रात राजस्थान से अवैध पत्थर ला रहे एक डंपर को पकड़कर बंद किया। इनसे लगभग 4.40 लाख रुपये की वसूली की जाएगी। यह जानकारी देते हुए जिला खनन इंजीनियर डा. राजेश कुमार ने बताया कि खनन विभाग, पुलिस विभाग, फॉरेस्ट विभाग व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड संयुक्त टीम वीरवार रात को नांगल चौधरी क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान राजस्थान बॉर्डर पर राजस्थान से अवैध पत्थर ला रहे एक डंपर को रुकवाया। चालक इसमें भरे हुए पत्थर के संबंध में वे कोई भी बिल नहीं दिखा पाए। इस पर टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए डंपर को बाड़े में खड़ा करवा लिया। विभाग ने नियम अनुसार इस पर 4.40 लाख रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माने की वसूली के लिए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि खनन विभाग के महानिदेशक केएम पाण्डुरंग के दिशानिर्देशन में अवैध खनन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। उपायुक्त के आदेश अनुसार टीम ने वीरवार रात को रोपड़ सराय, पांचनौता, मूसनौता, बायल, गंगुताना, जैनपुर, आंतरी, बिहारीपुर, छापड़ा तथा बीबीपुर में भी चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध खनन का कोई मामला नहीं मिला।

### डिगरोता में कड़बी में लगी भीषण आग, विधायक ने किया मौका मुआयना

**महेंद्रगढ़।** गांव डिगरोता में देर रात भीषण आग लगने से किसानों की करीब 95 एकड़ की एकत्रित की गई कड़बी (पशु चारा) जलकर राख हो गई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। क्षेत्र के विधायक कंवर सिंह यादव गांव डिगरोता में पहुंचे और किसानों से बातचीत की। विधायक कंवर सिंह यादव ने अधिकारियों को कहा कि किसान हमारे देश की रीढ़ की हड्डी है। किसानों की भरपाई के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। भाजपा सरकार हमेशा ही किसानों की हितैषी रही है। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हमेशा ही किसानों की हित में फैसला लिया है। पिछले दिनों किसानों की हुई फसल बर्बाद में मुआवजे की राशि का भुगतान किया है।



हेंद्रगढ़। मौका मुआयना करते विधायक कंवर सिंह यादव।

## अटेली नपा चुनाव के लिए चेयरमैन व पार्षद का माइक प्रचार बंद

# आज प्रत्याशी घर-घर प्रचार करेंगे, कल मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

अटेली नगर पालिका के दो मार्च को होने वाले चुनावों के लेकर शुक्रवार पांच बजे बाद माइक चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। पिछले कई दिनों माइक प्रचार व शोर शराबे से परेशान चल रहे थे। शुक्रवार को प्रत्याशियों ने जम कर प्रचार किया। आज एक मार्च को प्रत्याशी घर-घर जा कर मतदाताओं से अपने अंतिम समय तक अपील करेंगे। पहली बार प्रत्यक्ष रूप से चेयरमैन का चुनाव होने जा रहा है। चेयरमैन का पद जरनल है तथा पांच प्रत्याशियों के ईवीएम में चुनाव चिह्न होंगे, लेकिन एक प्रत्याशी गौरव शर्मा ने संजय गोयल का अपना समर्थन दे दिया था। अटेली नपा के 12 वार्डों में 35 उम्मीदवार मैदान में हैं तथा कुल 6331 वोट हैं। वैसे चेयरमैन के लिए कुल 13 तथा पार्षद के लिए 50 नामांकन जमा हुए थे। मैदान में वोट मांगने वालों में पूर्व पार्षद संजय गोयल, भूपेश गुप्ता, डॉ. विकास यादव, सतीश जांगिड़ चार प्रत्याशी मैदान में हैं। वहीं पार्षद प्रत्याशियों में वार्ड नंबर एक जो बीसी ए के लिए आरक्षित है इसमें मुकाबला शर्मिला देवी पत्नी आनंद शर्मा, दीप्ति कुमारी के बीच होगा। वार्ड दो से अशोक कुमार, अंजू गुप्ता, सुधीर कुमार, संदीप कुमार, वार्ड तीन से चार प्रत्याशी मैदान में है जिनमें प्रेमलता, सुनिता, सोनम यादव, निशा तथा वार्ड चार से स्नेहलता, मुस्कान के बीच आमने सामने का मुकाबला होगा यह वार्ड एससी के लिए रिजर्व है। वार्ड पांच से पूजा शर्मा, पिंकी, सुनील कुमार, अनिल मैदान में है इस वार्ड में चार प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा। वार्ड छह एससी के लिए आरक्षित है, इसमें मनीष कुमार, राहुल, दीपांशु मैदान में रहेंगे। वार्ड सात से गौरव गर्ग, राकेश कुमार, अरूण गुप्ता, रवि कुमार के बीच टक्कर देखने को मिलेगी।

#### यहां है रोचक मुकाबले

वार्ड नौ से मुकेश कुमार, विजय कुमार व तेजपाल के बीच भी तीन प्रत्याशी होने से त्रिकोणीय मुकाबला होगा। वार्ड 10 से नविता यादव व अलका के बीच आमने सामने का मुकाबला होगा। वार्ड 11 से धर्मेंद्र, नितेश गुप्ता व मनफूल तथा वार्ड 12 से रामकिशन व अनुज के बीच मुकाबला होगा। इस चुनाव प्रचार में खूब प्रचार सामग्री का वितरण हुआ है। चेयरमैन व पार्षद का चुनाव किसी पार्टी का न हो कर सभी स्वतंत्र रूप से लड़ रहे है। यही कारण है कि ज्यादा प्रचार सामग्री का प्रयोग हुआ। अटेली नगर पालिका के शांतिपूर्वक, निष्पक्ष व भय रहित करवाने के लिए 12 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।



घोड़े का बच्चा पैदा होने के कुछ देर बाद ही दौड़ और चल सकता है।

# यंगभूमि



मधुमक्खी एक ऐसा जीव है जिसकी पांच आंखें होती हैं।





# डिजिटल सेक्टर में कोर्स कर संवारे भविष्य



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। बिग डेटा के साथ एकुरेसी की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। आज एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, आईओटी जैसे तकनीकें तेजी डिजिटल दुनिया को बदल रही हैं। डिजिटल सेक्टर तेजी से विकसित होती इंडस्ट्री है, जो युवाओं को नए रोजगार अवसर प्रदान कर रही है। एक ग्लोबल रिपोर्ट के मुताबिक, 2030 में डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर का आकार 1500 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है। डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र हैं जो डिजिटल सेक्टर में 3 से 6 महीने की स्किल सीखने पर उपलब्ध हैं।

## ये डिजिटल स्किल्स सीखें

वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर स्किल, सोशल मीडिया स्किल, पर्सनल आर्किविंग, इनफॉर्मेशन इवैल्यूएशन, स्क्रीनकास्टिंग, कोलैबोरेशन, इमेज एडिटिंग, कंटेंट राइटिंग एंड कंटेंट मैनेजमेंट, डाटा एनालिटिक्स, कॉपीराइट एंड प्लेगिअरिज़्म, डाटा साइंस, डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, डिजिटल प्रोडक्ट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, डिजिटल बिजनेस एनालिसिस, डिजिटल डिज़ाइन एंड डाटा विजुअलाइज़ेशन, वेब एंड एप डेवलपमेंट, डिजिटल प्रोग्रामिंग, डिजिटल वीडियो एडिटिंग आदि।

**बेसिक लर्निंग :** कोडिंग, ब्रांडिंग, क्लाउड सॉफ्टवेयर, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, बैंकिंग एप्स आदि।

### ये स्किल अहम

1. सोशल मीडिया मार्केटिंग, 2. सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), 3. डिजिटल एनालिटिक्स, 4. ईमेल मार्केटिंग, 5. कंटेंट मार्केटिंग, 6. पेड एड्स, 7. वेबसाइट डेवलपमेंट, 8. वीडियो मार्केटिंग

### डिजिटल कोर्सेज

सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), वेब एनालिटिक, ग्राफ़िकि डिजाइनिंग, एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया, ग्रोथ हैकिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ईमेल/ इनबाउंड मार्केटिंग, मोबाइल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, पे-पर-क्लिक (पीपीसी) मार्केटिंग, सर्टिफाइड डिजिटल मार्केटिंग मास्टर कोर्स आदि।

## डिजिटल सेक्टर की इन ट्रेंड्स में कर सकते हैं महारत हासिल

### आधार आधारित

आधार आधारित मार्केटिंग बढ़ता हुआ ट्रेंड है। इस मार्केटिंग में ग्राहकों के बारे में जानकारी जैसे उनके नाम, उम्र, पता, ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट आदि इकट्ठी कर इसका उपयोग उन्हें प्रभावी ढंग से लक्ष्य दर्शकों के लिए विज्ञापन दिखाने में किया जाता है।

### सोशल मीडिया

सोशल मीडिया मार्केटिंग एक और महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है। सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिखाने के साथ-साथ, उत्पाद या सेवाओं को विस्तार से बताने और संचार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट और विज्ञापन शेयर करके, व्यवसाय अपनी विनिमय विवरणों को ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं और ग्राहकों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### वीडियो मार्केटिंग

वीडियो मार्केटिंग लोकप्रिय डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है जो ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं का विज्ञापन करता है, क्योंकि इससे उत्पाद और सेवाओं के बारे में दिए जा रहे विवरणों को समझना आसान हो जाता है। यह वीडियो एड विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे हैं। जैसे - यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि।

### इंफ्लुएंसर मार्केटिंग

आजकल इंफ्लुएंसर मार्केटिंग बढ़ते हुए डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र का एक प्रमुख तरीका है। इसमें मार्केटिंग कंपनियां सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स के साथ अकाउंट चला रहे इंफ्लुएंसर्स का प्रचार में सहारा लेती हैं। आजकल इंस्टाग्राम, फेसबुक व यूट्यूब पर इंफ्लुएंसर मार्केटिंग का तरीका बहुत बढ़ गया है।

### डिजिटल मार्केटिंग हॉट

मार्केटिंग का एक अन्य ट्रेंड है डिजिटल मार्केटिंग। यह उन सभी ऑनलाइन मार्केटिंग गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से की जा रहीं हैं। आज के समय में कंपनियां डिजिटल मार्केटिंग के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्मों का उपयोग कर रहीं हैं, जैसे वेबसाइट, सोशल मीडिया, ईमेल और मोबाइल एप्लीकेशन। इसी कारण डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), सोशल मीडिया मार्केटिंग (एसएमएम), मार्केटिंग एनालिसिस्ट, ईमेल मार्केटिंग, वीडियो मार्केटिंग, फेसबुक विज्ञापन एक्सपर्ट की ढेरों रिक्तियां हैं।

### जॉब ऑप्शन्स

डाटा साइंटिस्ट, वेस्ट डाटा मैनेजर, कमर्शियल/ सिविलियन ड्रोन ऑपरेटर, डिजिटल करेंसी एडवाइजर, डिजिटल आर्टिस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्सपर्ट, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, डिजिटल प्रोडक्ट डिज़ाइनर, मोबाइल डिज़ाइनर, वेब डेवलपर/ वेब डिज़ाइनर, एनिमेशन एक्सपर्ट, एनालिटिकल मैनेजर, यूज़र एक्सपीरियंस डिज़ाइनर, डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मीडिया एक्सपर्ट, सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़र, कॉपी/ कंटेंट राइटर।

### टॉप रिक्रूटर्स

एफएमसीजी (फ़ास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स), रिटेल, टूरिज्म, बैंकिंग, हॉस्पिटैलिटी, आईटी एंड आईटीईएस, मीडिया/ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स/ चैनल्स, पीआर एंड एडवरटाइजिंग, कंसल्टेंसी, मार्केट रिसर्च और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइसेज आदि।

### स्किल सीखने के फायदे

डिजिटली दक्ष युवाओं के लिए कई नौकरियां उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण नौकरियों में उच्च वेतन दिया जाता है। डिजिटल मार्केटिंग ने बाजार में एक नया मापदंड स्थापित किया है। इसमें अधिक लोगों तक आपका संदेश पहुंचाने के लिए कम खर्च की आवश्यकता होती है। आप खुद के बोस हो सकते हैं और स्वयं के अनुसार काम करने का फैसला कर सकते हैं। आप खुद के व्यवसाय या ऑनलाइन स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं जो आपको स्वतंत्रता और आय की संभावनाएं प्रदान करता है।

---

### इंजीनियर का मुख्य कार्य तेल और गैस के भंडार का पता लगाना

# पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में बेहतर करियर का अवसर, रोमांचक और चुनौतीपूर्ण




डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



### ऊर्जा उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी का विकास जरूरी

यदि आप भी गणित और भौतिकी में मजबूत हैं और पृथ्वी विज्ञान, भूगर्भशास्त्र और प्राकृतिक संसाधनों के बारे में रुचि रखते हैं तो आपके लिए अच्छे वेतन और सम्भावनाओं से भरपूर पेशा है पेट्रोलियम इंजीनियर। यह पेशा विशेष रूप से ऊर्जा उद्योग से जुड़ा है, जो विश्व भर में विकासशील और स्थापित अर्थव्यवस्थाओं के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। आज के समय में पेट्रोलियम इंजीनियरिंग एक बहुत ही महत्वपूर्ण और उच्च वेतन वाला पेशा है। पेट्रोलियम इंजीनियरों का मुख्य कार्य तेल और गैस के भंडार का पता लगाना, उनका निष्कर्षण करना और ऊर्जा के उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकियों का विकास करना होता है। इस पेशे में तकनीकी ज्ञान और विश्लेषणात्मक सोच की आवश्यकता होती है, साथ ही पेट्रोलियम संसाधनों का कुशल प्रबंधन भी बहुत महत्वपूर्ण है। पेट्रोलियम इंजीनियरिंग का कार्य न केवल उर्जा उत्पादन को बढ़ावा देता है, बल्कि यह वैश्विक ऊर्जा जरूरतों को भी पूरा करने में मदद करता है।



### करियर काउंसलर से लें सलाह

अपने लिए किसी भी करियर को चुनने से पहले, करियर काउंसलर की सलाह लेना हमेशा फायदेमंद होता है, ताकि आप अपने कौशल और रुचियों के आधार पर सही दिशा में कदम बढ़ा सकें। इसके लिए आप www.career-jaano.com पर विजिट कर सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

**सरकारी संस्थान**

1. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी), खड़गपुर
   - कोर्स नाम: बी टेक और एम टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
2. डी. यु. (दिल्ली विश्वविद्यालय), दिल्ली
   - कोर्स नाम: एम्इससी इन पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस टेक्नोलॉजी
3. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी), राउरकेला
   - कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
4. ऑयल और गैस इंस्टीट्यूट, गुजरात
   - कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
5. यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज (यूपीईएस), देहरादून
   - कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग

**निजी संस्थान**

1. वेलिंगकर इंस्टिट्यूट ऑफ मैनजमेंट, मुंबई
   - कोर्स नाम: पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन पेट्रोलियम मैनेजमेंट
2. शिव नादर विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा
   - कोर्स नाम: एम् टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
3. आकृति कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, हैदराबाद
   - कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
4. किंगफिशर इंस्टीट्यूट, बैंगलोर
   - कोर्स नाम: एमएससी इन पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी
5. रैज कॉलेज, पुणे
   - कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग

### शिक्षा और प्रशिक्षण

1. **बैचलर डिग्री :** पेट्रोलियम इंजीनियर बनने के लिए सबसे पहले आपको एक बैचलर डिग्री की आवश्यकता होती है। यह डिग्री आमतौर पर बी टेक या बी इ के रूप में होती है, जिसमें पेट्रोलियम इंजीनियरिंग, मीन्स, और ग्रीन एनर्जी जैसे विषयों की विशेष जानकारी दी जाती है।
2. **मास्टर डिग्री :** यदि आप इस क्षेत्र में और गहरी विशेषज्ञता हासिल करना चाहते हैं, तो आप एम् टेक या एम् इस सी इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग कर सकते हैं। इस डिग्री से आपको उच्च-स्तरीय तकनीकी ज्ञान और पेट्रोलियम उत्पादन प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल होती है।
3. **डॉक्टरेट (पीएचडी) :** पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में गहरी रिसर्च करने व अकादमिक पेशेवर बनने के लिए पीएचडी इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग कर सकते हैं। इस क्षेत्र में शोध से नए तकनीकी समाधान और ऊर्जा संसाधनों के कुशल उपयोग के बारे में नई दिशा पा सकते हैं।

### कौशल और योग्यता

1. **तकनीकी ज्ञान :** पेट्रोलियम इंजीनियर को ऊर्जा क्षेत्र, विशेष रूप से तेल और गैस निष्कर्षण तकनीक में गहरी समझ होनी चाहिए।
2. **समस्या हल करने की क्षमता :** पेट्रोलियम इंजीनियर को खतरनाक और जटिल स्थितियों में समस्याओं का समाधान करने की क्षमता होनी चाहिए।
3. **संचार कौशल :** पेट्रोलियम इंजीनियरों को टीम के साथ प्रभावी रूप से संवाद करने की आवश्यकता होती है, क्योंकि यह क्षेत्र टीम-आधारित कार्यों पर निर्भर करता है।
4. **डाटा विश्लेषण कौशल :** पेट्रोलियम इंजीनियरों को उपकरणों और मापदंडों का विश्लेषण करने में सक्षम होना चाहिए, ताकि वे सटीक निष्कर्ष पर पहुँच सकें।

### नौकरी के अवसर

**निजी क्षेत्र में करियर :** पेट्रोलियम इंजीनियर निजी कंपनियों में काम कर सकते हैं, जैसे ऑयल और गैस कंपनियाँ रिलायंस, ओएनजीसी, एस्सार आयल, जहां वे तेल और गैस निष्कर्षण, उत्पादन, और अन्य संबंधित कार्यों में विशेषज्ञता प्राप्त कर सकते हैं।

**सरकारी क्षेत्र में करियर :** सरकारी क्षेत्र में ओएनजीसी, आईओसीएल, बीपिसीएल, एचपिसीएल जैसी कंपनियों में पेट्रोलियम इंजीनियर नौकरी कर सकते हैं, जहाँ उन्हें तेल, गैस, और ऊर्जा के क्षेत्र में योगदान देने का अवसर मिलता है।

### वेतन और आय

पेट्रोलियम इंजीनियरों का वेतन अनुभव और कार्यस्थल के आधार पर भिन्न हो सकता है। एक फ्रेश पेट्रोलियम इंजीनियर का वेतन 6,00,000 रुपये से 12,00,000 रुपये प्रति वर्ष तक हो सकता है। अधिक अनुभव वाले पेशेवरों का वेतन 15,00,000 रुपये से 25,00,000 प्रति वर्ष तक हो सकता है।

**रोमांचक करियर :** पेट्रोलियम इंजीनियरिंग एक चुनौतीपूर्ण लेकिन रोमांचक करियर है, जो न केवल तकनीकी विकास के अवसर प्रदान करता है, बल्कि ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान का अवसर भी देता है। इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए सही शिक्षा, कौशल और अनुभव प्राप्त करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि आप इस क्षेत्र में काम करने के इच्छुक हैं, तो उपयुक्त संस्थानों से शिक्षा प्राप्त करना और इसके साथ ही उचित प्रशिक्षण प्राप्त करना आपके लिए लाभकारी हो सकता है।

---

# महाकुंभ की प्रेरणा : विद्यार्थियों के लिए लक्ष्य, समर्पण और ईश्वर की कृपा



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

महाकुंभ मेला, जो दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम है, केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है। यह एक जीवन दर्शन है, जो विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, समर्पण, और ईश्वर की कृपा के महत्व का पाठ पढ़ाता है। यह हमें सिखाता है कि सफलता पाने के लिए केवल मेहनत ही नहीं, बल्कि एक स्पष्ट दिशा, अटूट समर्पण और ईश्वर पर अडिग विश्वास भी आवश्यक है। महाकुंभ में लाखों श्रद्धालु एक ही लक्ष्य लेकर चलते हैं- आत्मिक शुद्धि और मोक्ष की प्राप्ति। यह लक्ष्य इतना स्पष्ट होता है कि वे सभी कठिनाइयों का सामना करते हुए भी अपने मार्ग पर अग्रसर रहते हैं। विद्यार्थियों के लिए भी यह सबक बहुत महत्वपूर्ण है। जीवन में सफलता पाने के लिए सबसे पहले एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है।

## लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होना होगा

चाहे वह परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना हो, करियर में उचाईयाँ छूना हो, या कोई व्यक्तिगत सपना पूरा करना हो, लक्ष्य के बिना मेहनत बेकार है। लक्ष्य वह मंदिर है जहाँ तक पहुँचने के लिए आपको रास्ता खुद बनाना होगा। यह रास्ता कठिनाइयों से भरा हो सकता है, लेकिन अगर आपका लक्ष्य स्पष्ट है, तो हर चुनौती एक नई सीख बन जाती है। महाकुंभ के श्रद्धालुओं की तरह, आपको भी अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होना होगा।

**सफलता की कुंजी :** जिस तरह महाकुंभ में श्रद्धालु अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होते हैं, उसी तरह विद्यार्थियों को भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण दिखाना चाहिए। समर्पण का अर्थ है – लगातार मेहनत करना, चुनौतियों का सामना करना और कभी हार न मानना। उदाहरण के लिए, यदि आपका लक्ष्य परीक्षा में टॉप करना है, तो आपको नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और स्वयं को अनुशासित रखना होगा। यह आसान नहीं होगा, लेकिन समर्पण के साथ आप हर बाधा को पार कर सकते हैं। महाकुंभ के श्रद्धालुओं की तरह, आपको भी अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होना होगा।

**ईश्वर की कृपा:** मेहनत के साथ आशीर्वाद महाकुंभ में लोग ईश्वर की कृपा पाने के लिए जुटते हैं, लेकिन यह कृपा केवल प्रार्थना से नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाने से मिलती है। विद्यार्थियों को यह समझना चाहिए कि ईश्वर की कृपा हमेशा उनके साथ है, लेकिन यह केवल तभी फल देती है जब आप अपनी मेहनत और लगन से उसे सींचते हैं। उदाहरण के लिए, यदि आप परीक्षा में सफल होना चाहते हैं, तो केवल प्रार्थना करने से काम नहीं चलेगा। आपको पढ़ाई में पूरी मेहनत करनी होगी, और साथ ही ईश्वर पर विश्वास रखना होगा कि वह आपके प्रयासों को सफलता में बदल देंगे।

### विद्यार्थियों के लिए महाकुंभ का संदेश

महाकुंभ हमें सिखाता है कि लक्ष्य के प्रति समर्पण, कड़ी मेहनत और ईश्वर की कृपा तीनों का संतुलन ही सफलता का मार्ग है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखें, महाकुंभ के श्रद्धालुओं की तरह समर्पित रहें, और ईश्वर पर विश्वास बनाए रखें। याद रखें, मेहनत और आशीर्वाद का संगम ही आपको जीवन के महाकुंभ तक पहुँचाएगा। लक्ष्य बड़ा हो, समर्पण गहरा हो, और ईश्वर की कृपा सदैव आपके साथ हो। मेहनत और विश्वास का यह संगम आपको सफलता के शिखर तक ले जाएगा। यह वाक्य न केवल एक प्रेरणादायक संदेश है, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का मंत्र भी है।

**लक्ष्य बड़ा हो :** जीवन में सफलता पाने के लिए सबसे पहले एक बड़ा और स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है। लक्ष्य वह ध्रुव तारा है जो आपको अंधेरे में भी सही दिशा दिखाता है। चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र में उच्च प्राप्तियाँ हों, करियर में सफलता हो, या कोई व्यक्तिगत सपना, लक्ष्य के बिना मेहनत बेकार है। उदाहरण के लिए, यदि आपका लक्ष्य एक प्रतिष्ठित कॉलेज में प्रवेश पाना है, तो यह लक्ष्य आपको हर दिन प्रेरित करेगा। आपको पता होगा कि आपको क्या करना है और क्यों करना है। लक्ष्य बड़ा होने से आपकी सोच विस्तृत होती है और आप चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं।

**समर्पण गहरा हो :** लक्ष्य निर्धारित करने के बाद उसे पाने के लिए गहरा समर्पण आवश्यक है। समर्पण का अर्थ है – लगातार मेहनत करना, चुनौतियों का सामना करना और कभी हार न मानना। जिस तरह महाकुंभ के श्रद्धालु अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होते हैं, उसी तरह विद्यार्थियों को भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होना चाहिए। उदाहरण के लिए, यदि आपका लक्ष्य परीक्षा में टॉप करना है, तो आपको नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और स्वयं को अनुशासित रखना होगा। यह आसान नहीं होगा, लेकिन समर्पण के साथ आप हर बाधा को पार कर सकते हैं। समर्पण वह शक्ति है जो आपको लक्ष्य तक पहुँचाती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4}$ * में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या Z है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या M है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) M+Z (बी) M-Z
(सी) M x Z (डी) M/Z

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

## खबर संक्षेप

### जन्मदिन पर किया रक्तदान

**नारनौल।** समाजसेवी मोहित ने अपने जन्मदिन के अवसर पर नागरिक अस्पताल रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि बीते तीन वर्ष से प्रत्येक साल रक्तदान करते आ रहे है। उन्होंने बताया कि उनसे प्रेरित होकर अन्य मित्रों ने भी रक्तदान किया। युवा साथी ग्रुप हरियाणा से प्रेरित होकर जन्मदिन पर ब्लड डोनेट करने का नियम बनाया है। कहा कि ब्लड के अभाव में किसी भी व्यक्ति की जान न जाए, इसके

### नियामतपुर में 18वां श्रीश्याम सेवा शिविर 3 से

**नांगल चौधरी।** नियामतपुर में मोर मुकुट सेवा समिति के तत्वावधान में 18वां श्रीश्याम सेवा शिविर का शुभारंभ होगा। जिसमें ध्वजा लेकर श्रीश्याम मंदिर खाटू जाने वाले श्रद्धालूओं को भोजन व चिकित्सा सेवा मुहैया कराई जाएगी। कमेटी के प्रवक्ता रॉकी सनातनी ने बताया कि शिविर का शुभारंभ तीन मार्च की सुबह नौ बजे होगा। शिविर में अखंड ज्योति, श्रीश्याम प्रतिमा का भव्य श्रृगांर व छप्पन भोग का प्रबंध किया गया है। श्रीश्याम भक्तों को नाश्ता, भोजन, नहाने व विश्राम की सुविधा निःशुल्क दी जाएगी।

### ग्राम सचिव ओमप्रकाश यादव सेवानिवृत्त

**कनीना।** सेवानिवृत्ति सर्विस प्रक्रिया का हिस्सा है। एक निश्चित समयावधि के बाद अधिकारी कर्मचारी को सेवानिवृत्त होना ही पड़ता है। यह विचार पंचायती राज विभाग में बतौर ग्राम सचिव एवं इंचार्ज एसईपीओ कार्यरत ओमप्रकाश यादव ककराला की सेवानिवृत्ति समारोह में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नवदीप स्वामी ने व्यक्त किए। बीडीपीओ ने कहा कि ओमप्रकाश यादव ने विभाग ने विकास खंड अटेली, कनीना, बिलासपुर, नारनौल व महेंद्रगढ़ में करीब 18 वर्ष तक पूरी निष्ठा व ईमानदारी से सेवाएं दी।

### इनेलो जिला स्तरीय बैठक कल

**नारनौल।** इंडियन नेशनल लोकदल की जिला स्तरीय बैठक दो मार्च को सुबह 10 बजे नई मंडी में लाला सत्यनारायण गुप्ता के कार्यालय में होगी। जिला प्रवक्ता नवनीत सिंह ढिल्लो ने बताया कि बैठक में मुख्य अतिथि जिला प्रभारी पूर्व विधायक रणबीर सिंह मंदोला होंगे।

### एडीसी डा. आनंद शर्मा ने सुनी समस्याएं

**नारनौल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर जिला व उपमंडल स्तर पर लगाए जा रहे समाधान शिविर की कड़ी में शुक्रवार को लघु सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने लोगों की समस्याएं सुनी। एडीसी ने समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनते हुए कहा कि इन समाधान शिविरों के माध्यम से एक ही समय में एक ही छत के नीचे सभी अधिकारी मौजूद होकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। नागरिकों की समस्याओं का त्वरित गति से समाधान करें।

## शहीद मेजर सतीश दहिया कॉलेज में दो दिवसीय एथलीट मीट का शुभारंभ

# मुस्कान कुमारी शॉटपुट में प्रथम लड़कों की दौड़ में विपिन विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नांगल चौधरी

शहीद मेजर सतीश दहिया राजकीय कॉलेज में प्राचार्य डा. अनिल यादव की अध्यक्षता में दो दिवसीय एथलीट मीट का शुभारंभ चौधरी बैजनाथ चैरीटेबल ट्रस्ट के एमडी गोविंदराम चौधरी ने किया है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शारीरिक विकास में खेलों की उपयोगिता से अवगत कराया। दो दिवसीय स्पर्धा का समापन समारोह एक मार्च को होगा। जिसमें विजेता प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेलकूद और शारीरिक स्वास्थ्य में गहरा तालमेल है। स्वस्थ्य युवा की ही मानसिक विकास हो पाएगा, इसलिए सरकार ने स्कूल व कॉलेजों में खेलकूद प्रतियोगिताएं निर्धारित की हैं। विभागीय पत्र एवं बजट मिलने पर कॉलेज में 28वीं एथलीट मीट का आयोजन किया गया। जिसमें दौड़, शॉटपुट, ज्वैलियन थ्रो, लांग जंप, हाईजंप, डिस्कस थ्रो इत्यादि स्पर्धा को शामिल किया गया। लड़कियों की शॉटपुट में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा मुस्कान कुमारी ने पहला स्थान पाया। निकिता कुमारी ने दूसरा व पलक ने तीसरा स्थान हासिल किया। लड़कों की 800 मीटर की दौड़ में विपिन कुमार विजेता रहा। अनिल कुमार को दूसरा व धर्मेंद्र ने तृतीय स्थान पाया। लड़कियों की 400 मीटर की रेस में निकिता प्रथम, महक द्वितीय्र, निक्की कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर की दौड़ में पिंकी कुमारी, निकिता, निक्की ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान पाया। लड़कों की शॉटपुट में बीए प्रथम वर्ष के छात्र साकेत कुमार ने पहला, धर्मेंद्र को दूसरा तथा राहुल कुमार तृतीय रहा है। महक कुमारी, किरण कुमारी व पलक कुमारी विजेता रही है। उन्होंने बताया कि शनिवार को स्पर्धा का समापन होगा। जिसमें विजेता रहे खिलाड़ियों को 500, 300, 200 पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा। एथलीट मीट का संचालन डीपी डा. हंसराज ने किया। इस मौके पर डा. सतीश यादव, डा. बिक्रम सिंह, डा. अशोक यादव, डा. मनोज सैनी, डा. सुनीता कुमारी, डा. कविता कुमारी, भवानी शंकर जोशी, रमेश सैनी व खेल प्रभारी डा. सुरेंद्र सिंह मौजूद थे।



नांगल चौधरी। विजेता छात्रा को सम्मानित करते मुख्यातिथि गोविंदराम चौधरी। फोटो : हरिभूमि



नांगल चौधरी। विजेता छात्राओं को सम्मानित करते कुलपति टंकेश्वर कुमार।

## कीर्ति व निष्ठा के मॉडल को मिला तृतीय पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नांगल चौधरी

केंद्रीय विश्वविद्यालय पाली में आयोजित नवपरिवर्तनशील मॉडल मिशन सेमिनार कुलपति डा. टंकेश्वर कुमार की अयक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल का प्रदर्शन सहरानीय रहा है। स्कूल की छात्राओं की ओर से प्रस्तुत ट्रैफिक टरबाइन मॉडल को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। स्कूल प्राचार्या वंदना यादव ने बताया कि विज्ञान दिवस पर केंद्रीय यूनिवर्सिटी पाली में नवपरिवर्तनशील प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। जिसमें जिले की 120 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया। सरस्वती स्कूल के विद्यार्थियों ने पूरे जिले में तृतीय पोजीशन हासिल करके संस्था का गौरव बढ़ाया है। छात्रा कीर्ति कुमारी व निष्ठा ने ट्रैफिक टरबाइन के मॉडल प्रस्तुत करके पवन ऊर्जा के इस्तेमाल का संदेश दिया है। इस मॉडल से प्रभावित कुलपति टंकेश्वर कुमार ने छात्राओं से टरबाइन उपकरण संचालन की विधि समझी व उपयोगिता के संदर्भ में सवाल पूछे। एमडी अमित यादव ने दोनों छात्राओं को बधाई दी व कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में और अधिक उन्नत करने के लिए विद्यालय इसी सत्र में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस व रोबोटिक्स लैब्स की सुविधा बच्चों को मुहैया करवाई जाएगी।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर महान वैज्ञानिक वेंकट रमन को नमन

- यदुवंशी स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶। महेंद्रगढ़

यदुवंशी शिक्षा निकेतन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह दिन भारत में महान वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकट रमन की याद में मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विज्ञान से होने वाले लाभ के प्रति समाज में जागरूकता लाने और वैज्ञानिक सोच पैदा करना था। विज्ञान विषय के शिक्षकों के मार्गदर्शन से विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की रूपरेखा हैड नवीन स्वामी के दिशा-निर्देशन में आयोजित की। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का महत्व बताते हुए प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. सीवी रमन के जीवन के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा अलग-अलग गुरप बनाकर विज्ञान संबंधी प्रयोग किए गए। जैसे प्लास्टिक की बोतलों का रोजमर्रा जिंदगी में सही प्रयोग करना, प्लास्टिक प्रदूषण से इंसान को कैसे बचाए, सौर ऊर्जा से चलती इलेक्ट्रिक लाइट आदि। प्राचार्य पवन कुमार ने विद्यार्थियों की विज्ञान में रूचि को देखते हुए सभी बच्चों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों की विज्ञान के प्रति रूचि बढती है।



महेंद्रगढ़। बनाए हुए मॉडल दिखाते विद्यार्थी। फोटोः हरिभूमि

### यदुंवशी में सम्मान समारोह आज

**नारनौल।** यदुंवशी शनिवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस बारे में यदुवंशी एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने बताया कि यदुवंशी डिग्री कॉलेज के प्रांगण में शनिवार को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी में विभिन्न संकायों में टॉप टेन में श्रेष्ठ अंक के साथ पोजीशन प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों व कॉलेज में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, अन्य विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों से प्रतियोगिताओं में पोजिशन प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ स्पोर्ट्स व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों के खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों व खिलाड़ियों के साथ उनके माता पिता का भी सम्मान किया जाएगा।

## विद्या भारती स्कूल में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का किया आयोजन

- प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर में सामान्य ज्ञान व विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियागिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव व वाइस चेयरपर्सन डा. उषा यादव ने किया। प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई। जूनियर वर्ग (कक्षा दो से पांच) में मंगल पांडे हाउस की टीम से भावना पुत्री पवन, मानवी पुत्री अशोक, जतिन पुत्र संजीव, हेमंत पुत्र दयाराम विजेता रहे। सीनियर वर्ग (कक्षा छह से आठवीं) में राधाकृष्णन हाउस की टीम दीपिका पुत्री रमेश, भावना पुत्री प्रदीप, हर्षिता पुत्री अनिल, शिवम पुत्र राजेन्द्र विजेता रहे। इस अवसर पर संस्था की वाइस चेयरपर्सन डा. उषा यादव ने बताया कि विद्या भारती पब्लिक स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के मनोरंजन का भी पूरा ख्याल रखा जाता है। विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार ने बच्चों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों में प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पाठ्यक्रम का ज्ञान होता है। अंत में विद्यालय चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव ने सभी बच्चों व विद्यालय स्टाफ का धन्यवाद किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, निदेशक डा. रविन्द्रा यादव, किड्स ब्लॉक इंचार्ज विजय सोनी आदि मौजूद थे।



नारनौल। प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि




कनीना। प्रवक्ता नरेश कुमार को विदाई देते हसला जिला प्रधान अरविंद यादव व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### हिंदी प्रवक्ता नरेश कुमार सेवानिवृत्त

कनीना। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना मंडी में कार्यरत प्रवक्ता नरेश कुमार 29 वर्ष की सेवा के बाद शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति पर आयोजित विदाई समारोह में हसला के जिला प्रधान अरविंद यादव माजरा ने कहा कि नरेश कुमार ने 10 फरवरी 1996 को राजकीय माध्यमिक विद्यसालय सिहोर शिक्षक पद पर ज्वाइन किया था। इसके बाद 2006 से 2017 तक वे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोजावास में कार्यरत रहे। हिंदी प्रवक्ता के पद पर पदोन्नत होने के बाद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंदोला में स्थनांतरित किया गया। उन्होंने निष्ठापूर्वक अपनी सेवाएं दी। सेवानिवृति समारोह में उनको फूलमाला, पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्राचार्य वीरेंद्र सिंह, स्नेहलता शर्मा, सुमन यादव, कुलदीप सिंह, हेमंत शर्मा, दिनेश कुमार, पवन कुमार, अंजू देवी, रेखा यादव, सविता देवी आदि मौजूद थे।

## हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में रेंजर रोवर कैंप आयोजित

- कैंप में मुख्य अतिथि के तौर पर स्टेट कमिश्नर ने किया मार्ग दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौल

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय जाट पाली में गतदिवस रेंजर रोवर लीडरशिप कैंप का आयोजन किया। कैंप में मुख्य अतिथि के तौर पर स्टेट कमिश्नर स्काउट यूनिवर्सिटी एंड कॉलेजए चंडीगढ़ डा. आरके गुप्ता व विशिष्ट अतिथि के तौर पर स्टेट ट्रेनिंग कमिश्नर्स स्काउट चंडीगढ़ एलएस वर्मा, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार उपस्थित रहे।

मुख्यातिथि ने संबोधित करते हुए कहा कि रेंजर रोवर लीडरशिप कैंप का उद्देश्य युवाओं को नेतृत्व कौशल, टीम वर्क, सामाजिक जिम्मेदारी के बारे में शिक्षित करना है। यह कैंप युवाओं को व्यक्तिगत विकास और समाज सेवा के लिए प्रेरित करने के लिए किया गया। उन्होंने कहा कि युवाओं को नेतृत्व कौशल जैसे कि निर्णय लेना, समस्या समाधान, संचार के बारे में शिक्षित करना है, ताकि समाज कार्य में वह अपना योगदान दे सकें। साथ ही युवाओं को टीम वर्क और सहयोग के महत्व के बारे में शिक्षित कर उन्हें टीम में काम करने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि स्काउटिंग के मूल्यों जैसे कि निष्ठा, सहयोगए और सेवा को बढ़ावा देना तथा युवाओं को इन मूल्यों को अपने जीवन में लागू करने के लिए प्रेरित करना है। इस मौके पर रेंजर रोवर यूनिवर्सिटी कमिशनर डा. दिनेश चहल, डीओसी टेकचंद यादव व पवित्रा यादव, स्काउट मास्टर अगेंद्र कुमार, सतवीर सिंह, प्रदीप कुमार आदि मौजूद थे।



नारनौल। कैंप में उपस्थित रेंजर रोवर व आयोजक। फोटो : हरिभूमि



महेंद्रगढ़। डॉ. शमशेर सिंह का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### यूनिवर्सिटी कोर्ट के नव-निर्वाचित सदस्य डॉ. शमशेर सिंह का किया भव्य स्वागत

**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी के कोर्ट चुनाव में राजकीय महाविद्यालय के इतिहास विभाग से प्रोफेसर शमशेर सिंह ने भारी मतों से विजय प्राप्त की। शुक्रवार को महाविद्यालय में प्रो. शमशेर सिंह के आगमन पर भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में स्थानीय विधायक कंवर सिंह यादव उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. विजय यादव, वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मी नारायण एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने प्रो. शमशेर सिंह का फूल माला एवं बुक्का देकर भव्य स्वागत किया। सभी ने उन्हें शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधायक कंवर सिंह यादव ने प्रो. शमशेर सिंह की जीत को महाविद्यालय के लिए गर्व की बात बताते हुए कहा कि यह जीत महाविद्यालय के समर्पित शिक्षकों के योगदान का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रो. शमशेर सिंह विश्वविद्यालय के मंच पर सभी महाविद्यालयों व विद्यार्थियों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाएंगे। प्रो. शमशेर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह महाविद्यालयों, प्राध्यापकों व विद्यार्थियों के विकास के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि महाविद्यालयों की सभी समस्याओं को विश्वविद्यालय के पटल पर रखकर उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।

## तीन मार्च को मनाया जाएगा विश्व श्रवण दिवस

**नारनौल।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से तीन मार्च को जिला में विश्व श्रवण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डा. नवीन कुमार ने बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य जानकारी साझा करना और श्रवण हानि की रोकथाम तथा बेहतर श्रवण देखभाल की दिशा में कार्रवाई को बढ़ावा देना है। इसका लक्ष्य बधिर लोगों का सुधार व मानवाधिकारों की पुष्टि करना है। बधिरता दुनिया भर में प्रचलित सबसे संवेदनशील घाटा है और भारत में इसका अनुमानित प्रसार लगभग 6.3 प्रतिशत है। इस अवसर कान, नाक व गला रोग विशेषज्ञ डा. प्रमोद कुमार ने बताया कि बधिरों के लिए विश्व श्रवण दिवस को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय बधिरता बचाव व रोकथाम कार्यक्रम के तहत आम लोगों को जागरूक करने के लिए सीएचसी, पीएचसी व जिला नागरिक अस्पताल के अलावा समाचार पत्रों में विज्ञापन, रेलवे स्टेशन व बस संस्थान पर पोस्टर, फ्लेक्स बोर्ड, बैनर, पैम्पलेट, स्वास्थ्य वार्ता के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। डा. प्रमोद कुमार ने बताया कि कान शरीर का एक संवेदनशील अंग है। इसलिए तेज आवाज में ईयरफोन का प्रयोग न करें। कान की सफाई के दौरान माचिस की तिल्ली का प्रयोग ना करें। कान में तेल या किसी भी तरह का तरल पदार्थ व गर्भावस्था में बिना डाक्टर की सलाह के किसी दवाई का सेवन न करें तथा नियमित व्यायाम एवं पौष्टिक भोजन का सेवन करें।



सिविल सर्जन डा. नवीन कुमार।

**विज्ञान दिवस** नेशनल साइंस-डे पर राजकीय महाविद्यालय में समारोह आयोजित

## महान वैज्ञानिक सीवी रमन की स्मृति में छात्रों को बताया विज्ञान का चमत्कार

कार्यक्रम में मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव उपस्थित रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय में नेशनल साइंस-डे के अवसर पर विज्ञान एवं तकनीकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले महान वैज्ञानिक सीवी रमन की स्मृति में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकीय महाविद्यालय सतनाली के प्राचार्य डॉ. सुधीर लांबा, राजकीय महिला महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह तथा बीडीसी मेंबर प्रदीप कुमार उपस्थति रहे। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. विजय यादव ने की। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. जितेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को विज्ञान के महत्व एवं उसके प्रति अभिरुचि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक युग में विज्ञान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में नवीनतम आविष्कारों एवं अनुसंधानों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। मुख्यातिथि कंवर सिंह यादव ने सीवी रमन के जीवन एवं उनकी महान उपलब्धि 'रमन प्रभाव' पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से विज्ञान के क्षेत्र में नई खोजों के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि देश का भविष्य विज्ञान पर आधारित है। उन्होंने महाविद्यालय प्रशासन को आश्वासन दिया कि महाविद्यालय में नवीन भवन का निर्माण, बड़ा रीडिंग हॉल, बोरवेल, चारदीवारी, पार्क का विकास, आडिटोरियम की मरम्मत, प्रशासनिक भवन का निर्माण एवं बिजली की समस्या का समाधान जल्द ही किया जाएगा। प्राचार्य प्रो. विजय यादव ने अपने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति जागरूक एवं समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर मेकिंग, विज्ञान प्रश्नोत्तरी एवं मॉडल प्रदर्शन जैसी विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा। समारोह का समापन धन्यवाद के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों को विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।



महेंद्रगढ़। कॉलेज स्टाफ को संबोधित करते विधायक। फोटो : हरिभूमि

### पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय के भौतिकी एवं भूविज्ञान विभाग की ओर से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। प्रेस प्रवक्ता प्रो. डा. चन्द्र मोहन ने बताया कि इस वर्ष का थीम विज्ञान एवं नवाचार में भारतीय युवाओं का वैश्विक नेतृत्व हेतु सशक्तिकरण विकसित भारत के लिए था। उन्होंने बतायाक कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर वर्ष 28 फरवरी को मनाया जाता है, ताकि भौतिकी के क्षेत्र में सीवी रमन की ओर से खोजे गए रमन प्रभाव को याद किया जा सकें। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर डा. पूर्ण प्रभा ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण व नवाचार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शोध एवं विकास हेतु प्रेरित करते हुए भारत को आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम को विशेष बनाने हेतु बीएससी की छात्रा मुस्कान, कोमल, मोनिका ने विज्ञान से संबंधित सुंदर रंगोली बनाई।

## खबर संक्षेप

### पक्षियों के लिए दाना व पानी की जरूरतः शर्मा

**नारनौल।** जय जीव कल्याण संस्थान के पूर्व प्रधान विजेंद्र कुमार शर्मा ने अपने छोटे-छोटे बच्चों को लेकर पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था की। इस मौके पर शर्मा ने आमजन से अनुरोध किया कि सभी संस्थाओं के मुखिया एवं सभी शिक्षण संस्थान अपने बच्चों को पक्षियों का दाना पानी के लिए प्रेरित करें, क्योंकि गर्मी दस्तक दे चुकी है तथा जानवर पानी एवं दाने की तलाश में भटकते रहते हैं।

### डा. सुधीर अकादमिक परिषद चुनाव जीते

**नारनौल।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी में आयोजित हुए अकादमिक परिषद के सदस्य हेतु चुनाव में राजकीय महाविद्यालय के प्रोफेसर डा. सुधीर कुमार विजेता रहे। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी के वाइस चांसलर व रजिस्ट्रार की ओर से संचालित अकादमिक परिषद व कोर्ट मेम्बर्स का चुनाव करवाया गया। इस चुनाव में रेवाड़ी व महेंद्रगढ़ जिले के सभी महाविद्यालयों के टीचिंग स्टाफ सदस्यों के वोट डलवाएं गए।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विचार गोष्ठी आयोजित

**नारनौल।** सर्वोदय उच्च विद्यालय गणेश कॉलोनी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य वक्ता हरियाणा विज्ञान मंच जिला संयोजक धर्मपाल शर्मा थे। गोष्ठी की अध्यक्षता चेयरमैन दलजीत शास्त्री ने की। अध्यापकों को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी को पूरे भारत में मनाया जाता है।

### राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस शिविर शुरू

**मंडी अटेली।** राजकीय महाविद्यालय सिहमा में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू हो गया है। शिविर का शुभांरभ महाविद्यालय प्राचार्य डा. सुनील कुमार की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अरुण कुमार कॉलेज कोर्ट मेंबर इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर ने विद्यार्थियों को एनएसएस के मोटो नॉट मी बट यू को को चरितार्थ करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व के विकास का गुण पैदा करना है।

### टाइगर क्लब ने किया बेटियों का कन्यादान

**नारनौल।** टाईगर क्लब परिवार ने जरूरतमंद सुकन्या विवाह के सहयोग के अंतर्गत जरूरतमंद दो बेटियों का कन्यादान किया। जिसके लिए संस्था ने इस जरूरतमंद परिवार के लिए आगे आकर सहायता का फर्ज निभाया। टाईगर क्लब परिवार प्रधान राकेश यादव ने बताया कि इस नेक मुहिम में धर्मवीर सैनी, राजेश सैनी, अमित गोयल, नारायण शास्त्री, मनीष सैनी, सुरेंद्र यादव, ललित सैनी, मनोज सिंघल, संजय सैनी, रणवीर सिंह यादव आदि ने सहयोग किया।

### ग्राम सचिव ओमप्रकाश यादव हुए सेवानिवृत्त

**महेंद्रगढ़।** खंड विकास एवं पंचायत विभाग में कार्यरत ग्राम सचिव ओमप्रकाश यादव अपनी लगभग 17 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। खंड विकास एवं पंचायत विभाग कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में डीडीपीओ एचपी बंसल ने उनका पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। कनीना खंड के गांव ककराला निवासी ओमप्रकाश यादव ने वर्ष 2007 में विभाग में अपनी सेवाएं शुरू की थी।

### शिव मंदिर में श्री श्याम शिविर आज से

**महेंद्रगढ़।** श्री खाटू श्याम का मेला फाल्गुन महीने में शुरू होकर होली पर्व तक चलता है। श्री श्याम फागुन मेले को लेकर गांव नांगल सिरोही पावर हाउस स्थित शिव मंदिर में आठ दिवसीय श्री श्याम शिविर आयोजित किया जाएगा। प्रधान प्रमोद यादव ने कहा कि एक से आठ मार्च तक आठ दिवसीय श्री श्याम शिविर लगाया जाएगा। प्रधान प्रमोद यादव ने कहा कि शिव मंदिर में श्री श्याम भक्तों के लिए भोजन, ठहरने सहित दवा का उचित प्रबंध किया गया है।

## निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव के लिए जिला प्रशासन ने किए पुख्ता प्रबंध

# नगर पालिका चुनावः डीसी व एसपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। मतदान केंद्र का निरीक्षण करते डीसी डा. विवेक भारती व पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ। फोटो : हरिभूमि

शहरी स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर उपायुक्त डा. विवेक भारती ने शुक्रवार को अटेली व कनीना नगर पालिका में विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ व कनीना के एसडीएम एवं आरओ डा. जितेंद्र सिंह तथा नारनौल के एसडीएम एवं अटेली के आरओ रमित यादव भी मौजूद थे। डीसी ने दोनों नगर पालिकाओं में बनाए गए मतदान केंद्रों तथा कंट्रोल रूम का बारीकी से निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार सभी प्रकार की मूलभूत सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कंट्रोल रूम का रिस्पांस तुरंत होना चाहिए। इसके अलावा सभी मतदान केंद्रों पर प्रकाश की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। सीसीटीवी कैमरा की लोकेशन के संबंध में भी उन्होंने दिशा निर्देश दिए। उन्होंने आम नागरिकों से शहरी स्थानीय निकाय चुनाव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। सभी नागरिक शांतिपूर्ण ढंग से मत का प्रयोग करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि वोटिंग में सिर्फ वहीं नागरिक मताधिकार का उपयोग कर सकेगा। जिसका नाम संबंधित नगर पालिका की वोटिंग लिस्ट में शामिल होगा। जिला प्रशासन की ओर से निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी प्रकार के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। एक मार्च को सभी पोलिंग पार्टियां ईवीएम तथा चुनावी सामग्री लेकर अपने अपने बूथों के लिए रवाना होगी।

### वोटर ये कार्ड दिखाकर कर सकेंगे मतदान

उपायुक्त डा. विवेक भारती ने बताया कि दो मार्च को कनीना और अटेली नगर पालिका चुनाव के लिए सभी मतदाताओं को मतदान करने के लिए अपने साथ फोटो युक्त पहचान पत्र लेकर आना होगा। उन्होंने कहा कि जिन वोटरों के पास अगर वोटर कार्ड नहीं है तो वे अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी वोट डाल सकते हैं। ऐसे मतदाता पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, केंद्रीय एवं राज्य सरकार के कार्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों या अन्य पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंगस की ओर से कर्मचारियों को जारी सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटो युक्त पहचान पत्र दिखाकर वोट डाल सकेंगे। भुगतान आदेश, भूतपूर्व विधवा आश्रित प्रमाण पत्र, बुढ़ापा पेंशन आदेश, विधवा पेंशन आदेश फोटो सहित, स्वास्थ्य बीमा योजना स्मार्ट कार्ड फोटो सहित, राशन कार्ड, यूआईडीएआई की ओर से जारी आधार कार्ड आदि दिखाकर मतदान कर सकते हैं।

### बीएलओ को दिया प्रशिक्षण, समझाई जिम्मेदारी



**कनीना।** एसडीएम कनीना एवं आरओ डा. जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को नगर पालिका चुनाव के संबंध में बीएलओ की बैठक ली तथा चुनाव के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ चुनाव के दौरान पोलिंग बूथ पर अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा के साथ निभाएं। उन्होंने कहा कि इस ट्रेनिंग का उद्देश्य उन्हें चुनाव प्रक्रिया से अवगत कराना होता है।
इस अवसर पर डा. जितेंद्र सिंह ने कहा लोकतंत्र में निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव सबसे जरूरी है। ऐसे में सभी चुनाव अधिकारी पूरी निष्ठा व पारदर्शिता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाए। डा. जितेंद्र सिंह ने बताया कि राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल कनीना में स्ट्रांग रूम बनाया हुआ है। कनीना के मतदान केंद्र नौ व 13 को संवेदनशील मतदान केंद्र के रूप में चिह्नित किया गया है।

### एक, दो व 12 मार्च को ड्राई डे घोषित

**नारनौल।** आबकारी एवं कराधान आयुक्त हरियाणा के आदेश अनुसार नगर पालिका अटेली तथा कनीना में होने वाले चुनाव के मध्यनजर एक व दो मार्च को ड्राई डे घोषित किया है। इस दिन इन क्षेत्रों में शराब की बिक्री, भंडारण तथा शराब के परिवहन करने पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। इसी प्रकार चुनाव परिणाम के दिन 12 मार्च को भी ड्राई डे रहेगा। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा शराब लाइसेंस के नियम 37(10) के प्रावधानों के अनुसारए जिला महेंद्रगढ़ में दो नगर समितियों (अटेली मंडी और कनीना) के आम चुनाव दो मार्च को हैं। नियम 1970 के अनुसार इन नगर पालिकाओं के क्षेत्र और आसपास के तीन किलोमीटर क्षेत्र में स्थित सभी शराब की दुकानें एक व दो मार्च को बंद रहेंगी। इसी प्रकार 12 मार्च को चुनाव परिणाम के दिन भी ड्राई डे रहेगा। इसके अलावा आबकारी निरीक्षकों को शुक्रवार से इन क्षेत्रों में निरंतर निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है।



नारनौल। क्षय रोगियों को राशन की किट देते चेयरमैन सुरेंद्र सिंह व अन्य।

## टीबीमुक्त जिला बनाने के लिए प्रशासन प्रयासरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस समिति के प्रधान डा. विवेक भारती के मार्गदर्शन में रेडक्रॉस कार्यालय में क्षय रोगियों को गोद लेकर राशन की किट वितरित की। रेडक्रॉस से डा. एसपी सिंह ने बताया कि रामकृष्ण दिव्यांग विद्यालय सिहमा के चेयरमैन सुरेंद्र सिंह व डायरेक्टर संयोगिता शर्मा, संतोष मेमोरियल के प्राचार्य डा. आरएन यादव, रेडक्रॉस के लिपिक पतराम गौतम ने टीबी रोगियों को गोद लेकर राशन की किट वितरित की। उन्होंने बताया कि गोद लिए गए टीबी रोगियों को छह माह तक प्रोटीन युक्त राशन किट देंगे। इस मौके पर जिला टीबी कोऑर्डिनेटर शोभा शर्मा ने क्षय रोगियों को उनकी दवा, सावधानी व संतुलित आहार के विषय में जानकारी दी। इस मौके पर रेडक्रॉस कार्यालय से रेखा कुमारी, घनश्याम व ओमप्रकाश मौजूद थे।

### महिला कॉलेज उन्हाणी में प्रतियोगिता



**कनीना।** राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी में दो दिवसीय तीसरी वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन व राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया।मुख्य अतिथि पवित्रा राव थी। जिन्होंने विजेता छात्राओं को पारितोषिक वितरित किए। मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण कर खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. विक्रम सिंह ने कहा कि एनएसएस व खेल गतिविधियां छात्राओं के व्यक्तित्व को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस मौके पर खेल प्रभारी नीतू कुमारी, डा. सत्यजीत, डा. सीमा देवी, सीमा आदि मौजूद थे।

### कारोली में चल रही बाबा बुद्धनाथ वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न



**नारनौल।** गांव कारोली मे चल रही दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन हो गया। इसमें राजस्थान के मंत्री प्रेमसिंह बाजौर मुख्य अतिथि थे। प्रतियोगिता में एक दर्जन टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच में गुड़गांव हॉस्टल की टीम ने इंडियन आर्मी को तीन-एक से पराजित कर खिताब पर कब्जा किया। प्रतियोगिता मे समाजसेवी कारोली निवासी संतोष कुमार खटाणा व निजामपुर कोऑपरेटिव सोसायटी के प्रधान जोगेंद्र छिल्लर द्वारा प्रथम स्थान पर आने वाली विजेता टीम को 71 हजार रुपये नगद राशि व ट्राफी देकर सम्मानित किया। वहीं उपविजेता टीम को 51 हजार रुपये नगद व स्मृति चिह्न देकर प्रोत्साहित किया गया।

### यूनियन प्रतिनिधियों से चर्चा करे सरकार

**नारनौल।** केंद्रीय श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी के राज्य अध्यक्ष कामरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट व सचिव कामरेड हरिप्रकाश ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की है कि सरकार प्रदेश में कार्यरत सभी ट्रेड यूनियन संगठनों व यूनियनों के प्रतिनिधियों को बुलाकर उनसे संबंधित समस्याओं तथा मांगों पर चर्चा कर समाधान का रास्ता निकाले। मुख्यमंत्री एक मार्च को एक ट्रेड यूनियन से वार्ता करने जा रहे हैं। कामरेड राजेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार की सोच वास्तव में दिल से प्रदेश के श्रमिकों, निर्माण मजदूरों, स्कीम वर्कर्स समेत अन्य संगठित व असंगठित मजदूरों के हित में है, तो मुख्यमंत्री को सभी ट्रेड यूनियन संगठनों व यूनियनों के प्रतिनिधियों को बुलाकर बातचीत करनी चाहिए।

## सेवानिवृत्ति पर प्राचार्य नगेंद्र सम्मानित

- मॉडल संस्कृति स्कूल धौलेड़ा में विदाई समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। प्राचार्य नगेंद्र सिंह को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल धौलेड़ा से प्राचार्य नगेंद्र सिंह अपने 38 वर्षों से अधिक सेवाकाल के बाद सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वे बहुत खुशनसीब हैं, जिन्हें शिक्षा विभाग के माध्यम से बच्चों को शिक्षा व संस्कार देने का कार्य मिला। इतने लंबे सेवाकाल के दौरान उन्होंने अनेक विद्यालयों में शिक्षण कार्य किया। वे भविष्य में भी सदा शिक्षा, संस्कार एवं सामाजिक सरोकारों के लिए कार्य करते रहेंगे। विद्यालय के उपप्राचार्य डा. पंकज गौड़ ने कहा कि प्राचार्य नगेंद्र सिंह का कार्यकाल यादगार रहा। इनके कार्यकाल के दौरान अनेक विद्यार्थियों ने राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त किए। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रवक्ता संस्कृत रवि कुमार ने किया। प्रवक्ता कॉमर्स मुनेशा कुमारी ने नगेंद्र सिंह का जीवन परिचय प्रस्तुत किया। प्रवक्ता रसायन विज्ञान राकेश व कला अध्यापक मनोज कुमार ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। इस पर कृष्ण कुमार, राकेश कुमार, समय सिंह, दीपक कुमार, विक्रम सिंह, पवन कुमार, मनोज कुमार, सुशील सैनी, संदीस बंसल, भूपसिंह, महेश शर्मा, मनोज कुमार, विक्रम यादव, मुनेशा, नरेन्द्र शर्मा, सन्नी पाल, सुमित शर्मा आदि मौजूद थे।

### गांव मिर्जापुर बाछौद में मेला एवं भंडारा आज

**मंडी अटेली।** बाबा हनुमान जी का मेला एवं भंडारा मिर्जापुर बाछौद में एक मार्च को आयोजित किया जा रहा है।

इस मेले में प्रतियोगिता में प्रो कबड्डी प्रतियोगिता करवाई जाएगी। जानकारी देते हुए सरपंच संजय बागड़ी, सरपंच दिलबाग सिंह ने बताया कि मिर्जापुर बाछौद में मिति फुलेरा दौज पर बाबा हनुमान जी का मेला एवं भंडारा हनुमान मंदिर कल सुबह हवन व सुंदरकांड पाठ, भंडारा लगाया जाएगा।

उसके बाद पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता करवाई जाएगी, जिसमें प्रथम विजेता टीम को 51 हजार एवं द्वितीय विजेता टीम को 31 हजार रुपये दिए जाएंगे। इसके साथ बेस्ट रेडर व बेस्ट कैचर को 2100 रुपये नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

### पोते के विवाह पर लगाई सवामणी

**महेंद्रगढ़।** गांव बवानियां निवासी पूर्व प्राचार्य लालचंद यादव ने अपने पोते सोमेश यादव की शादी के उपलक्ष्य में बुचियावाली गौशाला में एक सवामणी का आयोजन किया। इस दौरान गौशाला प्रधान नवीन राव ने सभी का स्वागत व धन्यवाद किया। गांव बवानियां निवासी दिल्ली पुलिस में कार्यरत सोमेश यादव व रेलवे पुलिस में गांव दुलोट अहीर निवासी प्रीति यादव का विवाह बेहद सादगी के साथ संपन्न हुआ। इस दहेज रहित शादी समारोह में पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा, स्थानीय विधायक कंवर सिंह यादव, पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह, जिला पार्षद देवेंद्र यादव, यादव सभा प्रधान अभयराम यादव, पवन खैरवाल आदि ने वर वधु को अपना आर्शीवाद व बधाई दी।

## प्रभावशाली पत्रकारिता के टिप्स दिए

- पीएमश्री गर्ल्स स्कूल में यंग राइटर एडिटोरियल क्लब शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी



नांगल चौधरी। पत्रकारिता की उपयोगिता बताते प्राचार्य डा. दिनेश कुमार।

पीएमश्री गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में यंग राइटर एडिटोरियल क्लब का शुभारंभ प्राचार्य डा. दिनेश कुमार ने किया। जिसमें शहर के वरिष्ट पत्रकार ने छात्राओं को प्रभावशाली पत्रकारिता के टिप्स दिए तथा पत्रकारिता में भविष्य संवारने का संदेश दिया। इस दौरान छात्राओं को समाचार वाचन, खबर लेखन तथा सोशल मीडिया से जानकारी कलेक्ट करने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन शीशराम जिंदड़ व डीपी अशोक यादव ने किया। उन्होंने कहा कि पत्रकार ही सरकार और जनता के बीच की कड़ी होती है। जिसकी लेखनी से सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचती है। वहीं योजना के क्रियावन प्रक्रिया में धांधली से सरकार को सूचित करने का काम मीडिया ही करता है। समाज को अपराध मुक्त तथा शासन को पारदर्शी बनाने में सक्रिय रिपोर्टर का बड़ा योगदान होता है। विभाग ने सक्रिय और खोजी पत्रकार तैयार करने का प्रपोजल तैयार किया है। एडिटोरियल क्रिएविटिव टीम गठित कर दी। जिसमें पूजा कुमारी, कोमल, मुस्कान, शिवानी, चित्रा कुमारी, साक्षी, प्रीति समेत सात छात्राओं को शामिल किया गया है।

### सुभाष को कोर्ट मेंबर चुने जाने पर दी बधाई

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय कृष्ण नगर के अर्थशास्त्र सहायक प्राध्यापक सुभाष सिंह को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी की ओर से यूनिवर्सिटी कोर्ट मेंबर चुने जाने पर महाविद्यालय में पहुंचने पर सभी स्टाफ सदस्यों ने भव्य स्वागत कर शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के प्राचार्य अजीत सिंह ने अर्थशास्त्र सहायक प्राध्यापक सुभाष सिंह को यूनिवर्सिटी कोर्ट मेंबर चुने जाने पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय की प्रोफेसर डा. सुमन यादव ने बधाई देते हुए कहा कि इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के तहत आने वाले सभी राजकीय व राजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के टीचिंग सदस्यों ने आप पर भरोसा जताया है।

## कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर किया सम्मान समारोह

- जनस्वास्थ्य विभाग का मेंटिनेंस ग्राम पंचायत को सौंप रही सरकार



महेंद्रगढ़। कर्मचारियों को विदाई देते हुए।

**महेंद्रगढ़।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंडल में सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। राजवीर कमांडर और करण सिंह ट्रंप अपार्टमेंट के दो कर्मचारी का सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह की अध्यक्षता कनिष्ठ अभियंता अमित गोयल व दीपक सांगवान ने की। समारोह में मंच संचालन ब्रांच प्रधान सुरेंद्र फौजी ने किया। जिला अध्यक्ष राजेंद्र कामरेड ने कहा कि हरियाणा सरकार की नीतियों को देखते हुए करण सिंह टर्म अपार्टमेंट अपनी 19 साल की सेवा करके अपने घर जा रहे हैं। एक तरफ सरकार एचकेआरएन कर्मचारियों को हटा रही है, वहीं दूसरी तरफ जनस्वास्थ्य विभाग का मेंटिनेंस ग्राम पंचायत को दिया जा रहा है, जिसका हमारा संगठन विरोध कर रहा है।

## बेरोजगार महिलाओं को दिया व्यावसायिक प्रशिक्षण

- बैग, कुशनकवर, सूटसलवार, बैग इत्यादि बनाने सिखाए



महेंद्रगढ़। प्रशिक्षण लेतीं महिलाएं।

**महेंद्रगढ़।** कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा अनुसूचित जाति के बेरोजगार युवाओं के लिए दो दिवसीय व्याव्सायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्र वरिष्ठ संयोजक डॉ. जयलाल यादव ने बताया कि कटाई व सिलाई तथा दूध प्रसंस्करण एवं मूल्यसंवर्धन प्रशिक्षण के द्वारा युवाओं व युवतियों को आर्थिक रूप से सशक्तिकरण की ओर बढ़ाया जा सकता है। यदि युवा इन कौशलों को स्वयं सहायता समूह बनाकर पूरे समाज व गांव की कायापलट सकती हैं। जिले की ग्रामीण युवाओं व युवतियों को कृषि व गृह विज्ञान संबधिंत घरेलू उद्योगों में प्रशिक्षण के लिए कृषि विज्ञान केंद्र कृत संकल्प है। इस संबंध में कटाई व सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. पूनम ने बताया कि पांच दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को विभिन्न प्रकार के बैग, कुशनकवर, एप्रान, सूटसलवार, बैग इत्यादि बनाने सिखाए गए।

**सम्मान** | महिला महाविद्यालय अटेली में 9वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

## खेलों में भागीदारी आत्मविश्वास को बढ़ाती, अनुशासन सिखाती है : रमित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली



मंडी अटेली। विजेता छात्राओं को सम्मानित करते एसडीएम नारनौल रमित यादव।

राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली में चल रही दो दिवसीय 9वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हो गया। समापन पर खेल मैदान में अद्भुत उत्साह और प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम नारनौल रमित यादव, जबकि विशिष्ट अतिथि राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल के प्राचार्य डॉ. आरपी सिंह व राजकीय महाविद्यालय अटेली डा. राजेश सैनी रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि एसडीएम नारनौल रमित यादव ने छात्राओं को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास में सहायक होते हैं, बल्कि मानसिक दृढ़ता, अनुशासन और टीम भावना भी विकसित करते हैं। आज की छात्राएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। खेल भी उनके विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। खेलों में भागीदारी आत्मविश्वास को बढ़ाती है और अनुशासन सिखाती है। एथलेटिक मीट में डिस्कस थ्रो, लंबी कूद, थ्री लेग रेस, मटका दौड़, रस्साकस्सी और 100 मीटर दौड़ जैसे कई रोमांचक खेलों का आयोजन किया गया। जिनमें छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। डिस्कस थ्रो में प्रथम रजनी यादव, द्वितीय अनामिका, तृतीय सानिया रही। लंबी कूद में प्रथम श्वेता, द्वितीय सबीना, तृतीय खुशबू रही। थ्री लेग रेस में प्रथम श्वेता, द्वितीय प्रियंका, तृतीय चंचल रही। मटका दौड़ में प्रथम मानसी, द्वितीय नचिता, वहीं 100 मीटर दौड़ में प्रथम सबीना, द्वितीय खुशबू, तृतीय श्वेता रही। रस्साकस्सी की प्रतियोगिता महिला स्टाफ टीम का मुकाबला छात्राओं की टीम से करवाया गया, जिसमें महिला स्टाफ टीम विजयी रही। ललित डाबड़ एवं विक्रम यादव ने कोच की भूमिका निभाई। वहीं मंच संचालन मंजू बाला और प्रियंका यादव ने किया।